Allahabad Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1999, as amended	Regulation 10 Regulation 61 Regulation 63 Regulation 64 Regulation 65 Regulation 66 Regulation 67 Regulation 68 Regulation 69 Regulation 70	• Exercise of rights of joint holders • Voting at General Meetings • Directors to be elected at General Meetings • List of Shareholders • Nomination of candidates for election • Scrutiny of nominations • Election disputes • Determination of voting rights • Voting by duly authorized representative • Proxies
RBI Notification No. DBOD.No. BC.No.46 and 47/29.39.001/ 2007-08 dated 01.11.2007 and No.DBOD. BC.No. 95/ 29.39.001/ 2010-11 dated 23.05.2011	Pursuant to Section 9(3AA) and Section 9(3AB) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970	Fit and Proper criteria for elected directors on the board of nationalized banks
Letter dated 3rd September, 2013 vide Ref F. No. 16/83/ 2013- (GOI), Ministry of Finance, Department of Financial Services and Revised Guidelines issued by the Government of India approved by Appointment Committee of the Cabinet for appointment of part time non official director dated 25th March 2015 forwarded vide GOI letter F.No.16/51/2012-BO.I. dated 28th April 2015 and Revised Guidelines dated 8th July 2016 forwarded vide GOI letter F.No.16/51/2012-BO.I.dated 20th July 2016 read with OM dated 3rd September 2013 and subsequent amendments thereto, if any.		GOI guidelines for appointment of part-time non-official Directors in Public Sector Banks
RBI Master Circular RBI/2015-16/95 DBR No. DIR.BC.10/13.03.00/2015-16 dated July 1st, 2015		Granting loans and advances to relatives of Directors
SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015		Provisions relating to Independent Director

शेयरधारकों की सुविधा के लिए अधिनियम, विनियम अधिनियम,योजना, विनियम, भारिबैं अधिसूचना सं. डीबीओडी सं. बीसी सं. 46 और 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01.11.2007 और सं. डीबीओडी. बीसी.सं. 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23.05.2011 और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के सार, बैंक की वेबसाइट www.allahabadbank.in में दिए जाएंगे। ऐसे सार, महाप्रबंधक (एफ एंड ए), सीएफओ और अनुपालन अधिकारी, इलाहाबाद बैंक, प्रधान कार्यालय, 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 को नामांकन प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात मंगलवार, 6 मार्च, 2018 तक इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध प्राप्त होने पर उन्हें ई-मेल भी किए जाएंगे।

निर्वाचन में सहभागिता :

जैसा कि पहले ही उल्लिखित किया जा चुका है निर्धारित तिथि अर्थात शुक्रवार, 23 फरवरी, 2018 को भौतिक रूप में धारण करने वाले शेयरधारकों का नाम शेयरधारकों के रजिस्टर में होने वाले / डीमेट रूप में धारण करने वाले लाभार्थ स्वामियों हेतु एनएसडीएल/सीएसडीएल द्वारा यथाप्रस्तुत शेयरधारक सहभागिता हेतु पात्र होंगे अर्थात केन्द्र सरकार से इतर शेयरधारकों में से निदेशकों के निर्वाचन में नामांकन, चुनाव लड़ने और वोट देने के पात्र होंगे।

बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के लिए अपेक्षित अर्हताएं :

अधिनियम की धारा 9(3ए) के अनुसार बैंक के शेयरधारक के रूप में अधिनियम की धारा 9(3)(i) के अंतर्गत बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के इच्छुक प्रत्याशी को

क. निम्नलिखित किसी एक अथवा अधिक विषयों में विशेष ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए अर्थातः-

- i. कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था
- ii. बैंकिंग
- iii. सहकारिता
- iv. अर्थशास्त्र
- v. वित्त
- vi. विधि
- vii. लघु उद्योग
- viii. सूचना प्रौद्योगिकी / भुगतान और निपटान प्रणाली / मानव संसाधन / जोखिम प्रबंधन और व्यवसाय प्रबंधन से संबंधित क्षेत्रों में या किसी अन्य विषय का विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव जो भारतीय रिजर्व बैंक की राय में बैंक के लिए उपयोगी होगा।

ख. जो जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो

ग. किसानों, कामगारों और कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो

अधिनियम की धारा 9 (3एए)के अनुसार कोई व्यक्ति अधिनियम की धारा 9 (3) (i) के अंतर्गत निदेशक के रूप में निर्वाचन हेतु तब तक पात्र नहीं होगा जब तक इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय समय पर अधिसूचित ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा एवं अन्य ऐसे मानदंड के आधार पर "उपयुक्त एवं समुचित" हैसियत वाला व्यक्ति न हो।

भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना सं. डीबीओडी नं. बीसी नं. 46 एवं 47/29.39.001/2007-08 दिनांकित 01.011.2007 की शर्तों के अनुसार बैंक का कोई शेयरधारक उम्मीदवार जो बैंक का निदेशक बनने का इच्छुक हो, उसे अधिसूचना में वर्णित मानदंड के अनुसार "उपयुक्त एवं समुचित" हैसियत वाला व्यक्ति होना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, निर्वाचित निदेशकों को प्रसंविदा विलेख निष्पादित करना होगा, वह बैंक की आचार संहिता के अध्यधीन होना होगा तथा उन्हें इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक / अन्य विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित वार्षिक घोषणा प्रस्तुत करना होगा।

बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने हेतु अयोग्यताएं :

(क) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1970 के खंड 10 के अनुसार कोई भी ऐसा व्यक्ति निदेशक के रूप में नियुक्त होने और निदेशक होने के लिए अयोग्य होगाः

- i) यदि वह किसी भी समय दिवालिया घोषित कर दिया गया हो या उसने लेनदारों का भुगतान रोका हुआ हो लेनदारों से समझौता किया हो, अथवा
- ii) यदि उसे विकृत दिमाग का पाया गया हो और किसी सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया हो, अथवा
- iii) यदि उसे किसी फौजदारी न्यायालय द्वारा अपराधी घोषित किया गया हो जिसमें नैतिक चरित्रहीनता भी शामिल है, अथवा
- iv) यदि वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में यथापरिभाषित किसी अनुषंगी बैंक में लाभ का पद धारण करता है सिवाय इसके कि वह अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड(ई) और (एएफ) के अंतर्गत प्रबंध निदेशक और बैंक के कर्मचारियों में से नामित निदेशक सहित पूर्णकालिक निदेशक का पद धारण करता हो और

For the convenience of the shareholders, the relevant extracts from the Act, Regulation Act, the Scheme, Regulation, RBI Notifications No. DBOD.No. BC.No.46 and 47/29.39.001/2007-08 dated 01.11.2007 and No.DBOD.BC.No.95/ 29.39.001/ 2010-11 dated 23.05.2011 and GOI Guidelines will be hosted in the Bank's website.www.allahabadbank.in. Such extracts will also be e-mailed to the intending candidates on receipt of a request addressed to the General Manager (F &A), CFO & Compliance Officer, Allahabad Bank, Head Office, 2, Netaji Subhas Road, Kolkata-700001 on or before the last date fixed for submission of nomination forms viz. Tuesday, the 6th March, 2018.

PARTICIPATION IN ELECTION :

As already indicated earlier, such of those shareholders whose names appear on the Register of Shareholders for those holding in physical mode / Beneficial Owners as furnished by NSDL/CDSL for those holding in Demat mode, as on the **Specified Date** i.e., on Friday, 23rd February, 2018, shall be entitled to participate i.e. nominate, contest and vote in election of directors from amongst Shareholders other than the Central Government.

QUALIFICATIONS REQUIRED FOR BEING ELECTED AS A DIRECTOR OF THE BANK:

In terms of Section 9(3A) of the Act, a candidate, being a shareholder of the Bank and who desires to be elected as Director of the Bank under Section 9(3)(i) of the Act shall

A. have special knowledge or practical experience in respect of one or more of the following matters namely:-

   i. Agricultural and rural economy

   ii. Banking

   iii. Co-Operation

   iv. Economics

   v. Finance

   vi. Law

   vii. Small scale industry

   viii. Special knowledge of IT/Payment & Settlement Systems/Human Resources/Risk Management/Business Management etc. or any other matter the special knowledge and practical experience of which would in the opinion of the Reserve Bank, be useful to the Bank.

B. Represents the interest of depositors; or

C. Represents the interest of farmers, workers and artisans.

In terms of Section 9(3AA) of the Act, no person shall be eligible to be elected as Director under Section 9 (3) (i) of the Act, unless he is a person having 'Fit and Proper' status based on track record, integrity and such other criteria as the Reserve Bank of India may notify from time to time in this regard.

In terms of RBI Notifications No. DBOD.No. BC.No.46 and 47/29.39.001/2007-08 dated 01.11.2007, a candidate being a shareholder of the Bank, who desires to be a Director of the Bank should have 'Fit and Proper' status as per criteria mentioned in the Notification.

Further, the elected Directors will have to execute deed of covenants, be subjected to Code of Conduct of the Bank and are required to furnish annual declarations as prescribed by the Reserve Bank of India/ other regulatory authorities in this regard.

DISQUALIFICATIONS FROM BEING ELECTED AS A DIRECTOR OF THE BANK :

(A) In terms of Clause 10 of the Nationalized Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, a person shall be disqualified for being appointed, as and for being a Director:

   i) if he has at any time been adjudicated an insolvent or has suspended payment or has compounded with his creditors; or

   ii) if he has been found to be of unsound mind and stands so declared by a competent court; or

   iii) if he has been convicted by criminal court of an offence which involves moral turpitude; or

   iv) if he holds any office of profit under any nationalized Bank or State Bank of India constituted under sub-section (1) of Section 3 of the State Bank of India, Act, 1955 or any Subsidiary Bank as defined in Section 3 of the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959, except for holding the post of whole time Director, including the Managing Director and Directors nominated under clauses (e) and (f) of sub-section (3) of Section 9 of the Act from among the employees of the Bank and

(ख) यदि वह भारिबैं अधिसूचना सं. डीबीओडी सं. बीसी सं. 46 और 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01.11.2007 और सं. डीबीओडी. बीसी.सं. 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23.05.2011 के अनुसार बैंक के निदेशकों की नामांकन समिति द्वारा "उपयुक्त और समुचित" व्यक्ति नहीं पाया जाता है।

(ग) यदि वह अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों पर यथाप्रयोज्य दिनांक 01.06.2011 के भरत सरकार के निदशानिर्देशों और साथ ही भारत सरकार के दिनांक 03.09.2013 के पत्र के तहत शेयरधारक निदेशकों पर यथाप्रयोज्य अथवा निदेशक के रूप में निर्वाचित होने हेतु समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन न करता हुआ पाया जाता हो।

शेयरधारकों की सूची :

जैसा कि इलाहाबाद बैंक (शेयर और बैठकें)विनियम, 1999, यथासंशोधित के विनियम 64 में प्रावधान है कि शेयरधारकों की सूची की प्रति(इलेक्ट्रानिक रूप में अर्थात सीडी अथवा ऐसा अन्य मीडिया) बैंक के प्रधान कार्यालय, 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700001 में मंगलवार, 28 फरवरी, 2018 से उपलब्ध होगी और कोलकाता पर देय "इलाहाबाद बैंक" के पक्ष में ₹50000 (रुपए पचास हजार मात्र) के अनुसूचित बैंक के मांग ड्राफ्ट/अंतर कार्यालय लिखत/भुगतान आदेश द्वारा शेयरधारकों द्वारा खरीदा जा सकेगा। उक्त सूची को खरीदने के इच्छुक प्रत्याशी को एक अनुरोध पत्र महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), सीएफओ एवं अनुपालन अधिकारी को इलाहाबाद बैंक प्रधान कार्यालय, 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700001 को इस वचनपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा कि सूची का उपयोग चुनाव के प्रचार के लिए किया जाएगा और इसका किसी भी अन्य प्रयोजन हेतु उपयोग नहीं किया जाएगा।

शेयरधारकों के रजिस्टर का निरीक्षण :

शेयरधारकों का रजिस्टर शेयरधारकों द्वारा निरीक्षण किए जाने हेतु शेयर और बांड विभाग, इलाहाबाद बैंक प्रधान कार्यालय, 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700001 **में सभी कार्यदिवसों (रविवार और द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार तथा बैंक अवकाश को छोड़कर)** अर्थात सोमवार से शनिवार अपराह्न 3.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक खुला रहेगा।

यदि किसी शेयरधारक को चुनिंदा/आंशिक सूचना की प्रति अथवा कंप्यूटर प्रिंट की आवश्यकता हो तो वह उसे कापी किए जाने हेतु अपेक्षित हर 1000 शब्दों अथवा उसके अंश के लिए ₹5/-(रुपए पांच मात्र) के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

नामांकन :

I. नामांकनों की वैधता

इलाहाबाद बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 1999, यथासंशोधित, के विनियम 65 भारिबैं अधिसूचना सं. डीबीओडी सं. बीसी सं. 46 और 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01.11.2007 और सं. डीबीओडी. बीसी.सं. 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23.05.2011 भारत सरकार के दिनांक 01.06.2011 को जारी तथा 25.03.2015 एवं 08.07.2016 को संशोधित दिशानिर्देशों जो अंशकालिक गैर शासकीय निदेशकों पर प्रयोज्य हैं और जिन्हें भारत सरकार के दिनांक 03.09.2013 के पत्र के तहत शेयरधारक निदेशकों पर भी प्रयोज्य किया गया है, अथवा निदेशक के रूप में निर्वाचित किए जाने हेतु समय-समय पर जारी ऐसे अन्य निदेशों और विभिन्न अधिनियमों, दिशानिर्देशों, निर्देशों के विभिन्न प्रयोज्य प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में निर्वाचन हेतु प्रत्याशी का नामांकन निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन वैध होगाः

क) वह निर्वाचन में सहभागिता हेतु शेयरधारकों की पात्रता के निर्धारण के प्रयोजन हेतु निर्धारित तिथि 23 फरवरी, 2018 को बैंक के 100 (एक सौ) से कम शेयर न धारण करता हो और बैठक की तिथि तक तथा उसके बाद निर्वाचित होने की स्थिति में उसका कार्यकाल समाप्त होने तक न्यूनतम 100 शेयर धारण करता रहे।

ख) मंगलवार, 6 मार्च, 2018 नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होने के कारण वह अधिनियम/विनियम अधिनियम/योजना/विनियम/भारिबैं अधिसूचना/भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अंतर्गत निदेशक बनने हेतु अयोग्य न हो।

ग) अधिनियम के अंतर्गत लिखित नामांकन में निदेशक निर्वाचित करने के हकदार कम से कम एक सौ शेयरधारकों अथवा उनके विधिवत गठित अटार्नी द्वारा हस्ताक्षर किए गए हों, बशर्ते नामांकन किसी ऐसे शेयरधारक द्वारा किया गया हो जो एक कंपनी है तो उक्त कंपनी के निदेशकों द्वारा संकल्प पारित किया गया हो तो संकल्प पारित करने वाली बैठक के अध्यक्ष द्वारा संकल्प की एक प्रति जिसे सत्य प्रति के रूप में अधिप्रमाणित किया गया हो, महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), सीएफओ एवं अनुपालन अधिकारी को इलाहाबाद बैंक प्रधान कार्यालय, 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700001 को प्रस्तुत/भेजी जाएगी और ऐसी प्रति को उस कंपनी की ओर से किया गया नामांकन माना जाएगा।

घ) शेयरधारकों (न्यूनतम 100) द्वारा किए गए नामांकन के साथ किसी न्यायाधीश/मजिस्ट्रेट/रजिस्ट्रार अथवा सब-रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस/अन्य राजपत्रित अधिकारी/भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित नोटिस में दिए गए नामांकन एवं घोषणा के नमूने के अनुसार यह घोषणा शामिल होनी चाहिए कि वह नामांकन को स्वीकार करता है और निर्वाचन में खड़े होने का इच्छुक है और यह कि वह अधिनियम/ विनियम अधिनियम/योजना/विनियम/भारिबैं अधिसूचना/भारत सरकार के प्रयोज्य दिशानिर्देशों के तहत निदेशक के लिए अयोग्य नहीं है और साथ ही वह अपने बायो-डाटा में विधिवत हस्ताक्षर कर यह प्रतिज्ञा करते हुए घोषणा करेगा कि यह विवरण उसकी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य व उपयुक्त है और साथ ही यह भी शपथ पत्र देगा/देगी कि वह बाद में भी ऐसे मामलों में जो सूचना, तदनुरूप घोषणा की दृष्टि से प्रासंगिक हैं उससे बैंक को पूरी तरह अवगत कराएगा।

(B) If he is not found to be 'Fit and Proper' person in terms of Notification of Reserve Bank of India-DBOD. No. BC. No. 46/ 29.39.001/2007-08, DBOD No. 47/29.39.001/2007-08 dated 01.11.2007 and DBOD.BC.No.95/ 29.39.001/ 2010-11 dated 23.05.2011 by the Nomination Committee of the Directors of the Bank.

(C) If he is not found to be complying with the GOI Guidelines dated 01.06.2011 as applicable to Part-time Non Official Directors and also made applicable to the Shareholder Directors vide GOI letter dated 03.09.2013, or such other directives as may be issued from time to time for being elected as a director.

LIST OF SHAREHOLDERS:

As provided in Regulation 64 of the Allahabad Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1999, as amended, a copy of the List of Shareholders (in electronic form i.e. CD or such other media) will be available at Head Office of the Bank at 2, Netaji Subhas Road, Kolkata-700001, from Tuesday, the 28th February, 2018 onwards for purchase by Shareholders on payment of ₹50,000 (Rupees fifty thousand only) by Demand Draft/Inter Office Instrument/Pay Order of Scheduled Bank in favour of "Allahabad Bank" payable at Kolkata. The candidates desirous of purchasing the said list shall have to give a request letter addressed to "The General Manager (F&A), CFO & Compliance Officer, Allahabad Bank, Head Office, 2, Netaji Subhas Road, Kolkata-700001 with an undertaking that the list will be used in canvassing for the election and shall not be used for any other purpose whatsoever.

INSPECTION OF THE REGISTER OF SHAREHOLDERS:

The Register of Shareholders will be open for inspection by the shareholders at the Share and Bonds Department, Allahabad Bank, Head Office, 2, Netaji Subhas Road, Kolkata - 700 001 on all working days (other than Sundays, 2nd & 4th Saturdays and Bank Holidays) i.e. Monday to Saturday between 3.00 p.m. to 5.00 p.m.

If any shareholder requires a copy or computer print of select/part information, the same shall be supplied to him on prepayment at the rate of ₹5/-(Rupees five only) for every 1,000 words or fractional part thereof required to be copied.

NOMINATION :

I. VALIDITY OF NOMINATIONS:

In terms of Regulation 65 of Allahabad Bank (Shares & Meetings) Regulations, 1999, as amended, Reserve Bank of India Notification No. DBOD. No. BC. No. 46 and 47 /29.39.001/2007-08 dated 01.11.2007 read with Notification No. DBOD. BC.No.95/ 29.39.001/2010-11 dated 23.05.2011, GOI Guidelines dated 01.06.2011 revised on 25.03.2015 and 08.07.2016 as applicable to Part-time Non Official Directors and also made applicable to the Shareholder Directors vide GOI letter dated 03.09.2013, or such other directives as may be issued from time to time for being elected as a director and other applicable provisions of various Acts, Guidelines, Directives, nomination of a candidate for election as a Director shall be valid provided:

a) He/she is a shareholder holding not less than 100 (One hundred) shares of the Bank as on Friday, the 23rd February, 2018 being the Specified Date fixed for the purpose of determining the eligibility of shareholders for participating in the election and continues to hold a minimum of 100 shares till the date of the meeting and thereafter till the end of his/her tenure, if he/she is elected.

b) As on Tuesday, the 06th March, 2018, being the last date for receipt of nomination, he/she is not disqualified to be Director under the Act/ Regulation Act/Scheme/ Regulation / RBI Notifications/GOI Guidelines.

c) The nomination is in writing signed by at least one hundred shareholders entitled to elect Directors under the Act or by their duly constituted attorney, provided that a nomination by shareholder who is a company may be made by a resolution of the Directors of the said Company and where it is so made, a copy of the resolution certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed shall be dispatched/ deposited to the Head Office of the Bank addressed to the General Manager (F&A), CFO & Compliance Officer, Head Office, 2, Netaji Subhas Road Kolkata - 700 001 and such copy shall be deemed to be a nomination on behalf of such Company.

d) The nominations by the shareholders (Minimum 100) is accompanied by a declaration by the candidate as per the specimen form of nomination and declaration furnished in this notice duly signed by the candidate before a Judge/ Magistrate/Registrar or Sub-Registrar of Assurances /other Gazetted Officer/an officer of the Reserve Bank of India/ any Nationalized Bank, that he/she accepts the nomination and is willing to stand for election, and that he / she is not disqualified either under the Act/Regulation Act/Scheme/ Regulation /RBI Notifications/applicable GOI guidelines from being a Director along with his/her personal details (bio-data) duly signed and affirmed to the effect that such details are true to the best of his/her knowledge and belief and also his/her undertaking to keep the Bank fully informed as soon as possible of such events which are relevant to the information, subsequent to the declaration.

ङ) नामांकन पत्र और घोषणा पत्र विनियम के द्वारा निर्धारित किए गए और नोटिस के साथ दिए गए प्रारूप के अनुसार है (संपूर्ण नोटिस के साथ प्रोफार्मा बैंक की वेबसाइट www.allahabadbank.in पर भी उपलब्ध है)।

च) 6 मार्च 2018 जो कि नामांकन प्राप्ति का आखिरी दिन है को वह बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 अथवा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1970 अथवा इलाहाबाद बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 1999, यथासंशोधित के अनुसार अयोग्य नहीं है तथा इसके पश्चात् भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी अधिसूचना सं. डीबीओडी. बीसी.सं. 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23.05.2011 के साथ पठित अधिसूचना सं. 46 और 47/29.39.001/ 2007-08 दिनांक 01.11.2007 तथा भारत सरकार के दिनांक 01.06.2011 को जारी तथा 25.03.2015 एवं 08.07.2016 को संशोधित दिशानिर्देशों जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अंशकालिक गैर शासकीय निदेशकों पर प्रयोज्य हैं और जिन्हें भारत सरकार के दिनांक 03.09.2013 के पत्र के तहत शेयरधारक निदेशकों पर भी प्रयोज्य किया गया है तथा निदेशक के रूप में निर्वाचित किए जाने हेतु समय-समय पर जारी ऐसे अन्य निदेशों के तहत बोर्ड की नामांकन समिति द्वारा "उपयुक्त एवं समुचित" पाया जाए।

II. नामांकन पत्र प्रस्तुत करना:

शेयरधारकों में से बैंक के निदेशक का चुनाव लड़ने के इच्छुक शेयरधारकों, केन्द्र सरकार से इतर, को इस नोटिस के साथ संलग्न प्रारूपों में विधिवत भरे हुए निम्नलिखित दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), सीएफओ एवं अनुपालन अधिकारी, इलाहाबाद बैंक प्रधान कार्यालय, 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700001 को असाधारण आम सभा की निर्धारित तिथि से कम से कम 14 कार्यदिवस पूर्व अर्थात मंगलवार, 6 मार्च, 2018 को अपराह्न 5.00 बजे तक या इससे पूर्व प्रस्तुत कर देने चाहिए।

क) विधिवत रूप से भरा गया घोषणा पत्र

ख) निर्वाचन में सहभागिता करने के हकदार न्यूनतम सौ शेयरधारकों से नामांकन

ग) इस नोटिस के साथ संलग्न प्रारूप में व्यक्तिगत सूचना, घोषणा और वचन पत्र जिसके साथ संबंधित दस्तावेज, प्रमाणपत्र अर्थात स्वयं सत्यापित बायोडाटा, शैक्षिक अर्हताएं, अनुभव आदि संलग्न हो

घ) उपर्युक्त नामांकन पत्र व अन्य दस्तावेज हर प्रकार से पूर्ण होने चाहिए ऐसा न होने पर नामांकन रद्द किया जा सकता है।

III. नामांकनों की संवीक्षा और निदेशकों का निर्वाचन:

क) नामांकन प्राप्त होने के लिए निर्धारित तिथि के बाद प्रथम कार्यदिवस अर्थात बुधवार, 7 मार्च, 2018 को बैंक द्वारा नामांकनों की जांच की जाएगी और यदि कोई नामांकन वैध नहीं पाया गया हो तो उसका कारण दर्ज करने के बाद उसे रद्द कर दिया जाएगा।

ख) नामांकन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1 नवम्बर, 2007 और 23 मई, 2011 को जारी "उपयुक्त और समुचित" दिशानिर्देशों के तहत तथा बैंकों और वित्तीय संस्थाओं में गैर शासकीय निदेशकों के नामांकन के संबंध में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 01.06.2011, को जारी एवं दिनांक 25.03.2015 एवं 08.07.2016 को संशोधित दिशानिर्देशों जिसे भारत सरकार के दिनांक 03.09.2013 के पत्र के तहत शेयरधारक निदेशकों के लिए भी प्रयोज्य बनाया गया है के अनुरूप पुनः बोर्ड की नामांकन समिति द्वारा संवीक्षा के भी अध्यधीन होगा।

ग) नामांकनों की संवीक्षा के समय या नामांकन समिति मण्डल के सलाह पर बैंक, उम्मीदवारों से उनकी उम्मीदवारी के समर्थन में अन्य/अधिक सूचनाएँ, दस्तावेज़ आदि मांग सकता है।

घ) यदि निर्वाचन द्वारा भरी जानेवाली तीन रिक्तियों हेतु मात्र तीन या उससे कम वैध नामांकन प्राप्त हों तो इस प्रकार नामित प्रत्याशी उसी समय से निर्वाचित समझे जाएंगे और उनके नाम तथा पते निर्वाचित निदेशक के रूप में प्रकाशित होंगे।ऐसी स्थिति में असाधारण आम सभा में शेयरधारक निदेशकों के निर्वाचन से संबंधित कार्यसूची मद पर विचार नहीं किया जाएगा। नवनिर्वाचित निदेशक अगले दिन कार्यभार ग्रहण करेंगे।

ङ) यदि वैध नामांकन तीन से अधिक हों तो प्रत्याशियों के नाम समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाएंगे तथा चुनाव कराया जाएगा और चुनाव अर्थात ई-वोटिंग और बैठक में मतदान में बहुमत पाने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचित माना जाएगा और उनके नामों की घोषणा की जाएगी तथा समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाएगा।

IV. अभ्यर्थिता वापस लेना:

यदि कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है तो वह किसी भी समय, महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), सीएफओ एवं अनुपालन अधिकारी, प्रधान कार्यालय, 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता - 700001 को संबोधित करते हुए बुधवार, 14 मार्च, 2018 अपराह्न 05.00 बजे या उससे पहले किसी भी समय फैक्स द्वारा 033 -22106323 पर अथवा gmfa@allahabadbank.in पर ईमेल द्वारा इस आशय का पत्र भेजकर नामांकन वापस ले सकेगा। पत्र बाद में कूरियर/स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजा जाएगा।

V. विवाद:

किसी विवाद की स्थिति में उसका निपटान यथा संशोधित इलाहाबाद बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1999 के विनियम 67 के अनुरूप किया जाएगा।

e) The nomination forms and declaration form are as prescribed by the Regulation and as per the proforma annexed to this Notice (The proforma is also available on the Bank's website www.allahabadbank.in along with full Notice).

f) As on 6th March, 2018 being the last date for receipt of nominations, he / she is not disqualified under the Banking Regulation Act, 1949 or the Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act, 1970 or the Nationalized Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 or Allahabad Bank (Shares & Meetings) Regulations, 1999, as amended and thereafter has been found "Fit and Proper" by the Nomination Committee of the Board in terms of the Notification No.DBOD No.BC.NO.46 & 47/29.39.001/2007-08 dated 01.11.2007 read with Notification No. DBOD No.BC.NO.95/29.39.001/2010-11 dated 23.05.2011 of Reserve Bank of India read with Guidelines dated 01.06.2011 revised on 25.03.2015 and 08.07.2016 issued by the Government of India for Non Official Directors of the Public Sector Banks and also made applicable to the Shareholder Directors vide Government of India letter dated 03.09.2013 or such other directives as may be issued from time to time for being elected as a Director.

II. SUBMISSION OF NOMINATION FORMS:

Shareholders desirous of contesting the election of the Directors of the Bank from amongst the shareholders, other than the Central Government, should submit following documents in formats annexed to this Notice, in a sealed envelope to the General Manager (F&A), CFO & Compliance Officer, Head Office, 2, Netaji Subhas Road, Kolkata - 700 001, on any working day not less than fourteen days before the date fixed for the Extraordinary General Meeting i.e., on or before closing hours of the Bank at 5.00 p.m., on Tuesday, the 06th March, 2018.

a. Duly filled in Declaration Form;

b. Nominations from minimum of one hundred shareholders entitled to participate in the election;

c. Personal Information, Declaration and Undertaking in the formats annexed to the Notice together with the connected documents, testimonials, viz. self attested copies of Bio-data, Certificate of Educational Qualifications, Experience, etc.,

d. The said nomination forms and other documents should be complete in all respects failing which, the nominations are liable to be rejected.

III. SCRUTINY OF NOMINATIONS AND ELECTION OF DIRECTORS:

a) The scrutiny of Nominations shall commence on Wednesday, the 07th March, 2018, i.e. the first working day following the last date fixed for the receipt of the nominations and in case any nomination is not found to be valid, the same shall be rejected after recording the reasons there for.

b) Nominations shall also be subjected to further scrutiny by the Nomination Committee of the Board in terms of the 'Fit and Proper' Guidelines dated November 01, 2007 and dated May 23, 2011 issued by the Reserve Bank of India as well as the General Guidelines dated 01.06.2011 revised on 25.03.2015 and 08.07.2016 for nomination of Non Official Directors in Banks and Financial Institutions issued by Ministry of Finance, Government of India and also made applicable to the shareholder Directors vide letter dated 03.09.2013.

c) The Bank may at the time of scrutiny of Nominations or as advised by the Nomination Committee of the Board seek further information, documents from the candidates in support of his / her candidature.

d) If there are only three or less than three valid nominations for the three vacancies to be filled by the election, the candidates so nominated shall be deemed to be elected forthwith and their names and addresses shall be published as so elected. In such an event, agenda item relating to Election of Shareholder Directors will not be taken up at the Extraordinary General Meeting. The newly elected directors will assume office the next day.

e) If there are more than three valid nominations, the names of the candidates shall be published in the newspapers and Election will be held and candidates in receipt of the majority of the votes in their favour i.e. aggregate of e-voting and poll at the meeting will be deemed to have been elected and their names will be announced and also published in newspapers.

IV. WITHDRAWAL OF CANDIDATURE :

If any candidate desires to withdraw his/her nomination, he/she would be entitled to do so at any time prior to closing hours of the Bank i.e. on or before 5.00 p.m. on Wednesday, the 14th March, 2018 by sending a letter addressed to the General Manager (F&A), CFO & Compliance Officer, Allahabad Bank, Head Office, 2, Netaji Subhas Road, Kolkata - 700 001 over Fax No. 033- 22106323 or by email at gmfa@allahabadbank.in, followed by dispatch of the same by Courier/Speed Post/ Registered Post.

V. DISPUTES:

If there is any dispute, the same will be settled as per Regulation 67 of the Allahabad Bank (Shares & Meetings) Regulations, 1999, as amended.

VI. उद्धरण:

शेयरधारकों की सुविधा हेतु प्रयोज्य अधिनियम/विनियम अधिनियम /योजना/विनियम/अधिसूचना /भारत सरकार के दिशानिर्देश के संगत उद्धरण एतद्पश्चात पुनः प्रस्तुत हैं।

निदेशकों का हित :

बैंक के निदेशक अपनी शेयरधारिता की सीमा तक और ऐसे निदेशक जो अपना नामांकन दाखिल करते हैं वे उपर्युक्त कार्य की मदों से संबद्ध या इच्छुक माने जाएंगे।

निदेशकों का चुनाव - संगत अधिनियमों, योजना और विनियमों आदि का सारांश :

शेयरधारक निदेशकों के निर्वाचन और केन्द्र सरकार से इतर शेयरधारकों द्वारा चुने जाने वाले निदेशकों की ऐसी संख्या से संबंधित प्रावधान बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) में समाविष्ट हैं।

बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1970 की संगत धाराएं और इलाहाबाद बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 199, यथासंशोधित, के संगत विनियम और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी अधिसूचना सं. डीबीओडी. बीसी.सं. 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23.05.2011 के साथ पठित अधिसूचना सं. 46 और 47/ 29.39.001/2007-08 दिनांक 01.11.2007 के तहत "उपयुक्त और समुचित" मानदंड और अंशकालिक गैर शासकीय निदेशकों के चयन हेतु भारत सरकार के दिनांक 01.06.2011 को जारी तथा 25.03.2015 एवं 08.07.2016 को संशोधित दिशानिर्देशों (भारत सरकार के दिशानिर्देश) जिन्हें भारत सरकार के दिनांक 03.09.2013 के कार्यालय ज्ञापन के तहत शेयरधारक निदेशकों पर भी प्रयोज्य किया गया है, को शेयरधारकों की सूचना हेतु नीचे पुनः प्रस्तुत किया गया है।

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949

पर्याप्त हित-धारा 5(एनई):

(i) कंपनी से संबंध का अर्थ है किसी व्यक्ति अथवा उसकी पत्नी/पति अथवा अवयस्क संतान द्वारा लाभार्थ हित धारण करना चाहे एकल रूप में या सब मिला कर प्रदत्त राशि जो रुपए पांच लाख या कंपनी की प्रदत्त पूंजी के दस प्रतिशत से अधिक हो, जो भी कम हो।

(ii) फर्म से संबध का अर्थ है किसी व्यक्ति अथवा उसकी पत्नी/पति अथवा अवयस्क संतान द्वारा लाभार्थ हित धारण करना चाहे एकल रूप में या सब मिला कर उक्त फर्म में सभी साझेदारों द्वारा अभिदत्त कुल पूंजी के दस प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता हो।

साझा निदेशकों पर प्रतिबंध- धारा 16(1):

भारत में निगमित कोई भी बैंकिंग कंपनी अपने निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में ऐसे किसी व्यक्ति को शामिल नहीं करेगी जो किसी अन्य बैंकिंग कंपनी में निदेशक हो।

ऋण और अग्रिमों पर प्रतिबंध-धारा 20:

1) कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 77 में समाहित किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी कोई भी बैंकिंग कंपनी निम्नलिखित कार्य नहीं करेगी।

   क) अपने स्वयं के शेयरों की प्रतिभूति पर कोई ऋण या अग्रिम प्रदान नहीं करेगी

   ख) निम्न को अथवा इनकी ओर से कोई ऋण या अग्रिम प्रदान करने के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं करेगी

   (i) अपने किसी निदेशक को

   (ii) ऐसी कोई फर्म जिसमें इसके निदेशक का एक साझेदार, प्रबंधक, कर्मचारी अथवा गारंटीकर्ता के रूप में हित है अथवा

   (iii) ऐसी कोई कंपनी जो बैंकिंग कंपनी की अनुषंगी नहीं है अथवा कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी अथवा ऐसी सहकारी कंपनी जिसकी अथवा जिसकी अनुषंगी की अथवा जिसकी होल्डिंग कंपनी की बैंकिंग कंपनी जिसमे वह कोई निदेशक, प्रबंधक, कर्मचार अथवा गारंटीकर्ता है अथवा जिसमें उसका पर्याप्त हित है, अथवा

   (iv) ऐसा कोई व्यक्ति जिसके संबंध में इसके निदेशकों में से कोई निदेशक उसका साझेदार अथवा गारंटीकर्ता है।

2) जहां बैंकिंग कंपनी द्वारा प्रदान किया गया कोई ऋण अथवा अग्रिम इस प्रकार का है कि इसे संस्वीकृत करने के लिए प्रतिबद्धता नहीं की गई हो, यदि उपधारा (1) का खंड (बी) उस तारीख को, जब ऋण अथवा अग्रिम किया गया था प्रभावी होता, अथवा बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 1968 (1968 का 58) की धारा 5 प्रारंभ होने के पश्चात बैंकिंग कंपनी द्वारा संस्वीकृत किया गया है परंतु ऐसे प्रारंभ से पहले की गई प्रतिबद्धता के अनुसरण में ऋण अथवा अग्रिम की स्वीकृति के समय उसके संबंध में निर्धारित अवधि के भीतर उस पर देय, अथवा जहां ऐसी अवधि निर्धारित नहीं की गई है, उक्त धारा 5 के प्रारम्भ होने से एक वर्ष की अवधि समाप्त होने से पहले, त्रण अथवा अग्रिम के कारण बैंकिंग कंपनी को देय मूल के साथ ब्याज, यदि कोई है, की वसूली के लिए उपाय किए जाएंगे। परंतु यदि बैंकिंग कंपनी द्वारा इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक को किसी मामले में लिखित आवेदन किया गया हो तो भारतीय रिजर्व बैंक, ऋण अथवा अग्रिम की वसूली की अवधि ऐसी तारीख तक बढ़ा सकता है जो उक्त धारा 5 के आरंभ से 3 वर्ष की अवधि के बाद की तारीख नहीं होगी और ऐसे नियम एवं शर्तों के अध्यधीन होगी, जैसा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उचित समझा जाएगा

VI. EXTRACTS:

Extracts of the relevant portions of the applicable Act/Regulation Act/Scheme/Regulations/ Notification/ GOI Guidelines are reproduced hereinafter for the benefit of the shareholders.

INTEREST OF DIRECTORS:

Directors of the Bank to the extent of their shareholding and such Directors who file their nominations may be deemed to be concerned or interested in the aforesaid item of business.

ELECTION OF DIRECTORS - EXTRACTS OF RELEVANT ACTS, SCHEME AND REGULATIONS, ETC.

The provisions regarding Election of Shareholder Directors and number of such Directors to be elected by the shareholders other than the Central Government are contained in Section 9(3)(i) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970.

The relevant Sections of the Banking Regulations Act, 1949, the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, the Nationalized Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 and the relevant regulations of Allahabad Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1999, as amended, RBI's Fit and Proper Criteria issued vide RBI Notification No. 46 and 47 /29.39.001/2007-08 dated 01.11.2007 read with Notification No. DBOD. BC.No.95/ 29.39.001/2010-11 dated 23.05.2011and Guidelines for selection of part-time Non-official Director (GOI Guidelines) dated 01.06.2011 revised on 25.03.2015 and 08.07.2016 and made applicable to the Shareholder Directors vide GOI Office Memorandum dated 03.09.2013 are reproduced below for the information of the shareholders.

THE BANKING REGULATION ACT, 1949

Substantial Interest - Section 5(ne):

(i) in relation to a company, means the holding of a beneficial interest by an individual or his spouse or minor child, whether singly or taken together in the shares thereof, the amount paid-up on which exceeds five lakhs of rupees or ten per cent of the paid- up capital of the company, whichever is less;

(ii) in relation to a firm, means the beneficial interest held therein by an individual or his spouse or minor child, whether singly or taken together which represents more than ten per cent of the total capital subscribed by all the partners of the said firm.

Prohibition of Common Directors - Section 16(1):

No Banking Company incorporated in India shall have as a Director on its Board of Directors, any person who is a Director of any other Banking Company.

Restrictions on Loans and Advances - Section 20:

1) Notwithstanding anything to the contrary contained in Section 77 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956), no Banking Company shall -

   a) grant any loans or advances on the security of its own shares, or

   b) enter into any commitment for granting any loan or advance to or on behalf of -

      (i) any of its Directors

      (ii) any firm in which any of its Directors is interested as partner, manager, employee or guarantor, or

      (iii) any company not being a subsidiary of the Banking Company or a Company registered under Section 25 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956), or a Government Company of which or the subsidiary or the holding company of which any of the Directors of the Banking Company is a Director, Managing Agent, Manager, Employee or guarantor or in which he holds substantial interest, or

      (iv) any individual in respect of whom any of its Directors is a partner or guarantor.

2) Where any loan or advance granted by a Banking Company is such that a commitment for granting it could not have been made if Clause (b) of sub-section (1) had been in force on the date on which the loan or advance was made or is granted by a Banking Company after the commencement of Section 5 of the Banking Laws (Amendment) Act, 1968 (58 of 1968), but in pursuance of a commitment entered into before such commencement, steps shall be taken to recover the amounts due to the Banking Company on account of the loan or advance together with interest, if any, due thereon within the period stipulated at the time of the grant of loan or advance or where no such period has been stipulated, before the expiry of one year from the commencement of the said Section 5; Provided that the Reserve Bank may, in any case on application in writing made to it by the Banking Company in this behalf, extend the period for the recovery of the loan or advance until such date, not being a date beyond the period of three years from the commencement of the said Section 5 and subject to such terms and conditions, as the Reserve Bank may deem fit :

परंतु यह उपधारा उस अवस्था में लागू नहीं हो सकती है जब संबंधित निदेशक बैंकिंग कंपनी के निदेशक के पद को या तो मृत्यु, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र अथवा अन्य किसी कारण से रिक्त कर दे।

3) उपधारा (2) में संदर्भित कोई ऋण अथवा अग्रिम अथवा उसका कोई भाग भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना विप्रेषित नहीं किया जाएगा और ऐसे अनुमोदन के बिना कोई भी विप्रेषण अवैध एवं अप्रभावी माना जाएगा।

4) जहां उपधारा (2) में संदर्भित कोई ऋण अथवा अग्रिम, किसी व्यक्ति द्वारा देय, उस उपधारा में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर बैंकिंग कंपनी को चुकता नहीं किया गया है, तब ऐसा व्यक्ति, यदि उक्त अवधि की समाप्ति पर ऐसी बैंकिंग कंपनी का निदेशक है, तो उसने इस कारण उक्त तारीख को अपना कार्यभार रिक्त किया हुआ समझा जाएगा।

इस धारा का स्पष्टीकरण

- "ऋण अथवा अग्रिम" में ऐसा कोई लेनदेन शामिल नहीं होगा जिसे भारतीय रिजर्व बैंक लेनदेन की प्रकृति, लेनदेन के कारण संभावित देय राशि की वसूली, चुकौती अवधि, चुकौती की पद्धति और परिस्थितियों, जमाकर्ताओं के हित और अन्य संबद्ध खातों को ध्यान में रखते हुए सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट कर सकता है कि यह इस धारा के प्रयोजन के लिए ऋण अथवा अग्रिम नहीं है;
- "निदेशक" का तात्पर्य बैंकिंग कंपनी द्वारा भारत में गठित किसी निदेशक मंडल अथवा समिति के सदस्य से है जो इसका प्रबंध करने के प्रयोजन के लिए है अथवा इसके सभी या किन्ही मामलों के प्रबंधन के संबंध में परामर्श देने के लिए है।

5) यदि यह प्रश्न उठता है कि कोई लेनदेन इस धारा के प्रयोजन से ऋण या अग्रिम है या नहीं, तो उस मामले को भारतीय रिजर्व बैंक को संदर्भित किया जाएगा और उसका निर्णय अंतिम माना जाएगा।

इसके अतिरिक्त कंपनी अधिनियम, 1956 से संबंधित उपर्युक्त प्रावधानों के अंतर्गत दिया गया कोई संदर्भ बैंकिंग कंपनी अधिनियम, 2013 के संगत प्रावधानों के अंतर्गत दिया गया संदर्भ माना जाएगा।

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970

मताधिकार पर प्रतिबंधः

धारा3(2ई): तदनुरूपी नए बैंक का कोई शेयरधारक, केन्द्र सरकार से इतर, अपने द्वारा धारित किन्ही शेयरों के विषय में तदनुरूपी नए बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के दस प्रतिशत से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने का हकदार नहीं होगा।

निदेशक मंडल का गठनः

धारा 9(3)(i): जहां धारा 3 की उपधारा (2बी) के खंड (सी) के अंतर्गत पूंजी निर्गत की गई हैः

क) कुल चुकता पूंजी के सोलह प्रतिशत से अधिक नहीं है, तो एक निदेशक,

ख) सोलह प्रतिशत से अधिक, परंतु कुल चुकता पूंजी के बत्तीस प्रतिशत से अनधिक, दो निदेशक

ग) कुल चुकता पूंजी के बत्तीस प्रतिशत से अधिक है तो केन्द्र सरकार से इतर तीन निदेशक शेयरधारकों द्वारा अपने में से चुने जाएंगे।

बशर्ते कि इस खंड के तहत किसी ऐसे निदेशक के चुनाव के बाद कार्यभर ग्रहण करने पर, खंड(एच) के तहत नामित उतने ही निदेशक इस प्रकार सेवानिवृत्त होंगे जैसा कि योजना में विनिर्दिष्ट किया गया है।

बशर्ते यह भी कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम तथा वित्तीय संस्था विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रारंभ पर या उससे पहले निर्वाचित निदेशकों की संख्या, तदनुरूप नए बैंक में उपखंड (i) या उपखंड (ii) या उपखंड (iii), जैसा भी मामला हो, में विनिर्दिष्ट निदेशकों की संख्या से बढ़ जाती है तो ऐसे प्रारंभ से पहले निर्वाचित ऐसे अतिरिक्त संख्या के निदेशक, योजना में दर्शाए गए तरीके से सेवानिवृत्त होंगे और ऐसे निदेशक अपने कार्यदायित्वों से समयपूर्व सेवानिवृत्ति के कारण किसी क्षतिपूर्ति के दावे के पात्र नहीं होंगे।

धारा 9(3ए): उक्त खंड (i) के तहत निर्वाचित किए जाने वाले निदेशक

(क) निम्नलिखित किसी एक अथवा अधिक विषयों में विशेष ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हाने चाहिए अर्थातः-

i. कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था

ii. बैंकिंग

iii. सहकारिता

iv. अर्थशास्त्र

v. वित्त

Provided further that this sub-section shall not apply if and when the Director concerned vacates the office of the Director of the Banking Company, whether by death, retirement, resignation or otherwise.

3) No loan or advance, referred to in sub-section (2), or any part thereof shall be remitted without the previous approval of the Reserve Bank, and any remission without such approval shall be void and of no effect.

4) Where any loan or advance referred to in sub-section (2), payable by any person, has not been repaid to the Banking Company within the period specified in that sub-section, then, such period shall, if he is a Director of such Banking Company on the date of the expiry of the said period, be deemed to have vacated his office as such on the said date.

Explanation in this Section:

- "Loan or advance" shall not include any transaction which the Reserve Bank of India may, having regard to the nature of the transaction, the period within which, and the manner and circumstances in which, any amount due on account of the transaction is likely to be realized, the interest of the depositors and other relevant considerations, specify by general or special order as not being a loan or advance for the purpose of this Section;

- "Directors" includes a member of any Board or Committee in India constituted by Banking Company for the purpose of managing or for the purpose of advising it in regard to the management of all or any of its affairs.

5) If any question arises whether any transaction is a loan or advance for the purpose of this Section, it shall be referred to the Reserve Bank, whose decision thereon shall be final.

Further, any reference made under aforesaid provisions pertaining to the Companies Act, 1956 shall be suitably construed as references made under relevant provisions under the Companies Act, 2013.

THE BANKING COMPANIES (ACQUISITION AND TRANSFER OF UNDERTAKINGS) ACT, 1970

Restrictions on Voting Rights:

Section 3(2E): No shareholder of the corresponding new Bank other than the Central Government shall be entitled to exercise voting rights in respect of any shares held by him in excess of ten per cent of the total voting rights of all the shareholders of the corresponding new Bank.

Composition of the Board of Directors:

Section 9(3)(i): Where the capital issued under clause (c) of sub-section (2B) of Section 3 is :-

a) not more than sixteen per cent of the total paid up capital, one Director

b) more than sixteen per cent, but not more than thirty two per cent of the total paid up capital, two Directors.

c) more than thirty two per cent of the total paid-up capital, three Directors to be elected by the shareholders other than the Central Government from amongst themselves.

Provided that on the assumption of charge after election of any such director under this clause, equal number of directors nominated under clause (h) shall retire in such manner as may be specified in the Scheme.

Provided further that in case the number of directors elected, on or before the commencement of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) and Financial Institutions Laws (Amendment) Act, 2006, in a corresponding new Bank exceed the number of directors specified in sub-clause (I) or sub-clause (II) or sub-clause (III), as the case may be, such excess number of directors elected before such commencement shall retire in such manner as may be specified in the scheme and such directors shall not be entitled to claim any compensation for the premature retirement of their term of office.

Section :9(3A): The Directors to be elected under the said clause (i) shall -

(A) have special knowledge or practical experience in respect of the one or more of the following matters, namely -

i. Agricultural and rural economy

ii. Banking

iii. Co-operation

iv. Economics

v. Finance

vi. विधि

vii. लघु उद्योग

viii. सूचना प्रौद्योगिकी / भुगतान और निपटान प्रणाली / मानव संसाधन / जोखिम प्रबंधन और व्यवसाय प्रबंधन से संबंधित क्षेत्रों में या किसी अन्य विषय का विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव जो भारतीय रिजर्व बैंक की राय में बैंक के लिए उपयोगी होगा।

ख. जो जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो

ग. किसानों, कामगारों और कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो

धारा9(3एए): उपधारा 3(ए) के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और इस अधिनियम अथवा इस समय प्रवृत्त अन्य किसी विधि में समाविष्ट किसी प्रावधान के विपरीत हुए बिना कोई भी व्यक्ति उपधारा (3) के खंड (i) के तहत निदेशक के रूप में निर्वाचित होने का तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह व्यक्ति ट्रैक रिकार्ड, ईमानदारी और इस बारे में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित ऐसे अन्य मानदंडों के आधार पर "उपयुक्त एवं समुचित" हैसियत न रखता हो।

धारा 9(3एबी): भारतीय रिजर्व बैंक उप धारा (3एए) के अधीन जारी अधिसूचना में "उपयुक्त एवं समुचित" हैसियत संबंधी निर्धारण का प्राधिकार, ऐसे निर्धारण की पद्धति, ऐसे निर्धारण के अनुपालन में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एवं अन्य ऐसे मामले जिन्हें आवश्यक एवं प्रासंगिक समझा जाए, विनिर्दिष्ट भी कर सकता है।

धारा 9(3बी) जहां भारतीय रिजर्व बैंक की यह राय है कि उपधारा(3) के खंड (i) के तहत तदनुरूपी नए बैंक का निर्वाचित कोई निदेशक उप धारा (3ए) एवं (3एए) की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे निदेशक और बैंक को सुनवाई का अवसर दिए जाने के बाद, वह आदेश द्वारा ऐसे निदेशक को हटा सकता है और इस प्रकार हटाए जाने पर, निदेशक मंडल, उप धारा (3ए) और (3एए) की अपेक्षाओं को पूरा करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को, हटाए गए व्यक्ति के स्थान पर तब तक के लिए निदेशक के रूप में चयन करेगा जब तक कि तदनुरूपी नए बैंक के शेयरधारकों द्वारा आगामी असाधारण आम सभा में एक निदेशक को विधिवत निर्वाचित न कर लिया जाए और इस प्रकार चयनित व्यक्ति तदनुरूपी नए बैंक के शेयरधारकों द्वारा निदेशक के रूप में विधिवत निर्वाचित समझा जाएगा।

सत्यनिष्ठा और गोपनीयता का दायित्वः

धारा 13(2): प्रत्येक निदेशक, स्थानीय बोर्ड या किसी समिति का सदस्य अथवा तदनुरूपी नए बैंक का लेखापरीक्षक, परामर्शदाता, अधिकारी अथवा अन्य कर्मचारी, अपने कर्तव्य का दायित्व संभलने से पहले, तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट फार्म में सत्यनिष्ठा और गोपनीयता की घोषणा करेगा।

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970

निर्वाचित निदेशकों का कार्यकाल

खंड 9(4) :

निर्वाचित निदेशक का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा और वह पुनः निर्वाचन के लिए पात्र होगा। परन्तु ऐसा निदेशक निरंतर छः वर्ष से अधिक पद पर नहीं रहेगा।

निदेशकों की अपात्रताः

खंड 10 :

कोई भी व्यक्ति निदेशक के रूप में नियुक्त होने और निदेशक होने के लिए अपात्र होगाः

क) यदि उसे किसी समय दिवालिया घोषित कर दिया गया हो या उसने लेनदारों का भुगतान रोके रखा हो या प्रशमन (compunded) किया हो, अथवा

ख) यदि उसे विकृत दिमाग का पाया गया हो अथवा उसे किसी सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया हो, अथवा

ग) यदि उसे फौजदारी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया हो अथवा उसने ऐसा अपराध किया हो जो नैतिक चरित्र हीनता से जुड़ा हो, अथवा

घ) यदि वह, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (1) के तहत गठित भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में यथापरिभाषित किसी अनुषंगी बैंक के तहत लाभ का पद धारण करता है/करती है, सिवाय इसके कि वह अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ई) और (एफ) के तहत समरूपी नए बैंक के कर्मचारियों में से नामित पूर्ण कालिक निदेशकों इसमें प्रबंध निदेशक तथा निदेशक भी शामिल हैं सहित का पद धारण करता है/करती है।

निदेशकों के पद रिक्त होना

खंड 11 :

1. यदि कोई निदेशक खंड 10 में विनिर्दिष्ट किसी भी अपात्रता के अध्यधीन अथवा निदेशक मंडल की पूर्व अनुमति के बिना उसकी तीन से अधिक बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहता है तो यह समझा जाएगा कि उसने अपने पद को रिक्त कर दिया है। परिणामस्वरूप उसका पद रिक्त हो जाएगा।

vi. Law

vii. Small scale industry

viii. Special knowledge of IT/Payment & Settlement Systems/Human Resources/Risk Management/Business Management etc. or any other matter the special knowledge and practical experience of which would in the opinion of the Reserve Bank, be useful to the Bank.

(B) Represent the interests of depositors; or

(C) Represent the interest of farmers, workers and artisans

Section 9(3AA): Without prejudice to the provision of sub-section 3(A) and notwithstanding anything to the contrary contained in the Act or in other law for the time being in force, no person shall be eligible to be elected as a Director under Clause (i) of Sub-Section (3) unless he is a person having 'fit and proper status' based upon the track record, integrity and such other criteria as the Reserve Bank of India may notify from time to time in this regard.

